
DJS Dairy
डेयरी मैनेजमेंट ऐप

खर्च और मुनाफ़ा

स्टाफ़ और वेतन, कुछ नहीं छूटेगा

अपना स्टाफ़ एक बार जोड़ें। कुछ टैप में वेतन या एडवांस दें, और एक नज़र में देखें किसे दे दिया और महीने का कितना बाकी है।



आपका स्टाफ़
नाम और वेतन

वेतन दें
या एडवांस

कितना बाकी
हर महीने का

महीने दर महीने
हर व्यक्ति का

डेयरी छोड़ दी
पुराना हिसाब रहता है

लाभ हानि में
लाभ से घटता है

कदम 1 · जोड़ें

स्टाफ़ एक बार जोड़ें

खर्च › स्टाफ़ › स्टाफ़ जोड़ें। नाम और मासिक वेतन लिखें। काम और फ़ोन ज़रूरी नहीं।

स्टाफ़ जोड़ें



नाम और वेतन

जैसे रमेश कुमार, 12,000 प्रति माह।

वेतन कब से गिनें

पहले यही महीना। जिस महीने से काम शुरू किया, वह चुनें।

काम और फ़ोन

ज़रूरी नहीं: दूध कलेक्टर, ड्राइवर...


कहां मिलेगा: साइड मेन्यू › खर्च › स्टाफ़

कदम 2 · वेतन दें

वेतन दें, या एडवांस

नाम के आगे ‘दें’ दबाएं। शीट में महीने का बाकी दिखता है; वेतन या एडवांस, नकद या ऑनलाइन चुनें और दें।

● वेतन दें



देना बाकी

अपने-आप भरा होता है। थोड़ा देना हो तो बदल दें।

एडवांस

उसी महीने के वेतन में गिना जाता है।

खर्च में दर्ज

स्टाफ़ वेतन के रूप में, लाभ से घटता है।


कहां मिलेगा: स्टाफ़ › दें

कदम 3 · देखें

किसे दिया, कितना बाकी

स्टाफ़ पेज पर महीना दिखता है: वेतन का कितना दिया, फिर हर व्यक्ति का गोला, ‘दें’ बटन, या पूरा होने पर ‘दे दिया’।

स्टाफ़



कोई भी महीना

ऊपर ‹ › से पिछला या अगला महीना।

पूरा दे दिया

गोला पूरा, और ‘दें’ की जगह ‘दे दिया’।

जो छोड़ गए

छिपे रहते हैं, एक टैप में दिखते हैं।


कहां मिलेगा: खर्च › स्टाफ़

एक व्यक्ति

हर व्यक्ति का अपना पेज

नाम दबाएं: वेतन, कब से, इस साल कितना दिया, और हर महीने का बाकी।

एक व्यक्ति



वेतन दें या एडवांस दें

इसी पेज से।

जानकारी बदलें

नया वेतन आपके चुने महीने से गिना जाता है।

डेयरी छोड़ दी

उस महीने के बाद वेतन बाकी नहीं। पुराना हिसाब रहता है।

कहां मिलेगा: स्टाफ़ › नाम दबाएं



3 कदम में वेतन

स्टाफ़ एक बार जोड़ें, फिर हर महीने स्टाफ़ पेज से वेतन दें।

1. साइड मेन्यू › खर्च › स्टाफ़
2. स्टाफ़ जोड़ें: नाम और वेतन
3. हर महीने ‘दें’

सवाल हो तो?
साइड मेन्यू › मदद और संपर्क

सपोर्ट टीम
WhatsApp पर हमसे बात करें

कम्युनिटी ग्रुप
Telegram पर टिप्स और खबरें

ध्यान रखें

सिर्फ़ मालिक
स्टाफ़ लॉगिन में खर्च और वेतन नहीं दिखते।

खर्च में भी
महीने के वेतन वाला कार्ड बाकी दिखाता है; लाइन दबाकर वेतन दें।

लाभ हानि
वेतन जिस महीने दिया, उसी महीने के लाभ से घटता है।